


सांध्य दैनिक
# 4PM
जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

मूल्य ₹ 3/-

● वर्ष: 9 ● अंक: 325 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, शनिवार, 6 जनवरी, 2024




केवल जब रंगों का उचित संतुलन होता है तो एक पेंटिंग बनती है। जीवन बस संतुलन के बारे में है।

-महात्रिया रा


दो दिन में रैंकिंग में दूसरी बार लुढ़का... 7 | यूपी और बिहार में सियासी पिच... 3 | दो दिन में रैंकिंग में दूसरी बार... 2


# कांग्रेस अध्यक्ष का मोदी व बीजेपी पर जोरदार प्रहार

## बरसे खरगे- बीच पर फोटोशूट का समय, मणिपुर जाने का नहीं

» प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर उठाया सवाल

» बोले- जरुरतमंदों से पीएम को कोई लगाव नहीं

» राहुल गांधी की न्याय यात्रा देश को एक करेगी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश के मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस मुखिया ने पीएम पर प्रहार करते हुए बोला उनके पास फोटोशूट करवाने का टाइम है पर मणीपुर जाने का समय नही है। दरअसल, कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम मोदी नई-नई जगह जाकर फोटोशूट कराते हैं लेकिन वह मणिपुर जाकर लोगों को समझा नहीं सकते। मोदी जरूरतमंदों के बीच क्यों नहीं गए? कांग्रेस की यात्रा जन-जागृति के लिए है। बीते शीतकालीन सत्र में विपक्षी सांसदों के निलंबन पर खरगे ने कहा कि जो सांसद शांत थे, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

विपक्षी पार्टियों को संसद में अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मणिपुर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, लेकिन पीएम मोदी वहां जाने के बजाय बीच पर चले गए। स्वीमिंग करते हुए फोटो सेशन कराया। निर्माणाधीन राम मंदिर पर फोटो खिंचाने चले गए या केरल और मुंबई चले गए। वह सभी जगह जा रहे हैं, आप भगवान के दर्शन की तरह सभी जगह उनकी तस्वीरें देख सकते हैं, लेकिन वह मणिपुर क्यों नहीं गए? वहीं कांग्रेस को उम्मीद है कि बड़े पैमाने पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा से इसमें मदद मिलेगी, राहुल गांधी उन क्षेत्रों में यात्रा करेंगे जहां सबसे पुरानी पार्टी कमजोर है और कार्यकर्ता निराश हैं। इसके अलावा एक और योजना है कि कई वरिष्ठ लोगों को, जिनका जनाधार अच्छा हो और हाई प्रोफाइल हो, लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए कहा जा सकता है। युवाओं में से कई लोगों को भी ऐसा करने के लिए कहा जा सकता है। हालाँकि, अड़चन यह है कि बहुत से नेता उत्सुक नहीं हैं।

## हक मिलने तक यात्रा जारी रहेगी : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, जो 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होने वाली है, देश के बुनियादी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित होगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को ये बाते कही। खरगे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो और टैगलाइन न्याय का हक मिलने तक भी लॉन्च किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा,




» भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो जारी

हम अन्याय और अहंकार के खिलाफ, न्याय का नारा बुलंद करके, अपने ही लोगों के बीच वापस आ रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, मैं सच्चाई के इस रास्ते पर चलने की कसम खाता हूं, जब तक मुझे न्याय का अधिकार नहीं मिल जाता, यात्रा जारी रहेगी। राज्य कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने पहले कहा था कि यात्रा 67 दिनों में 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। ठाकुर ने कहा कि यात्रा के 16-17 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचने की उम्मीद है और यह पांच दिनों में राज्य के सात जिलों को कवर करेगी, जहां आदिवासियों की आबादी लगभग 32 प्रतिशत है।

## कांग्रेस की हार से लें सीख : मोदी

जयपुर। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार राजस्थान पहुंचे हैं। पीएम जयपुर की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान पीएम ने राजस्थान के विधायकों और मंत्रियों से भी बैठक की और उन्हें गुरु मंत्र भी दिया। पीएम ने विधायकों के साथ बैठक में गुटबाजी

» राजस्थान के विधायकों को दिया गुरु मंत्र

और भ्रष्टाचार से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने चर्चा के दौरान विधायकों, मंत्रियों और भाजपा पदाधिकारियों से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर सवाल किए। इस पर कुछ विधायकों ने भ्रष्टाचार को इसका कारण बताया। इसके जवाब में मोदी ने विधायकों से कहा कि आपको गुटबाजी और भ्रष्टाचार से दूर रहना होगा। पार्टी आपकी सभी गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने विधायकों से आगे कहा कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। पीएम ने विधायकों से कहा कि सिर्फ पांच साल के कार्यकाल को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। हमें इस बात को ध्यान में रखकर आगे काम करना है कि सरकार पांच साल बाद दोबारा बने। प्रधानमंत्री ने उन्हें उन बूथों का दौरा करने की भी सलाह दी, जहां वे चुनाव हार गए थे। जहां से भी चुनाव जीते हैं वहां जाएं और फिर इस बात पर मंथन करें कि किस वजह से उन्हें जीत मिली। आपको सरकार के नशे में नहीं रहना है। जमीन पर काम करना है और ज्यादा काम करना है ताकि सरकार दोबारा बने। इसके साथ ही मोदी ने विधायकों को अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से दूर रहने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा, सभी अधिकारी काम करते हैं, आपको बस यह पता होना चाहिए कि काम कैसे करना है।



## 290 सीटों पर बीजेपी व कांग्रेस में सीधी लड़ाई

कांग्रेस ने भी कहा है कि कम से कम 290 सीटों पर उसकी सीधी लड़ाई बीजेपी से है और उसे अकेले लड़ने का मौका दिया जाना चाहिए। हालाँकि, यह कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उदाहरण के लिए, ओडिशा में, जहां संगठन खस्ताहाल है, उसे ऐसे उम्मीदवार भी नहीं मिलेंगे जो सोचते हों कि वे जीत सकते हैं। यह सबसे पुरानी पार्टी के लिए एक शर्मनाक स्थिति है और दुर्भाग्य से, यह युद्ध के लिए तैयार नहीं दिखती है। सूत्रों का कहना है कि भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव और अशोक गहलोत जैसे पूर्व मुख्यमंत्री इस पद के लिए इच्छुक नहीं हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों में समस्या उम्मीदवारों को ढूंढने की है। यूपी की तरह, जबकि कांग्रेस ने सीट-बंटवारे की बातचीत के दौरान कम से कम 10 सीटों पर दावा किया है, उसे प्रयागराज, अमेठी और रायबरेली के अलावा कोई और सीट मिलना मुश्किल हो सकता है।

# दुर्भावना से ग्रस्त होकर काम कर रही योगी सरकार : अखिलेश

» सपा ने विनोद उपाध्याय के एनकाउंटर को बताया फर्जी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा ने सुल्तानपुर में एसटीएफ द्वारा विनोद उपाध्याय के किए गए एनकाउंटर को फर्जी बताया है। सपा ने एक्स के जरिये कहा कि योगी सरकार में फर्जी एनकाउंटर जारी हैं। अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह सरकार एनकाउंटर और कार्रवाई के नाम पर भेदभाव करती है। संविधान की हत्या की जा रही है। सरकार को बताना चाहिए कि पुलिस द्वारा फेक एनकाउंटर का सिलसिला कब थमेगा।

## कारोबार को चौपट कर रही भाजपा सरकार

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स के जरिये कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक दुर्भावना से ग्रस्त होकर जिस तरह व्यापार और कारोबार को चौपट करने में लगी है, वो सबको दिख रहा है। दरअसल भाजपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों के लिए उत्तर प्रदेश के छोटे कारोबारियों के व्यापार पर छापेमारी करके उन्हें बंद करवाना चाहती है। पहले से ही मंदी की मार झेल रहे यूपी के हताश व्यापारी किसी तरह कारोबार करके अपना पेट पाल रहे हैं और रोजगार देकर कुछ और लोगों की भी मदद कर रहे हैं।

अखिलेश ने कहा कि कारोबारियों पर राजनीतिक विद्वेष की वजह से की जा रही ऐसी कार्रवाइयों से वो और हतोत्साहित होते हैं। भाजपा सरकार खुद तो रोजगार बढ़ाने में पूरी तरह विफल रही है और जो लोग किसी प्रकार अपना काम कर रहे हैं और दूसरों को भी काम दे पा रहे हैं, भाजपा उन पर भी हमले कर रही है।



## राम मंदिर को खतरा सत्ता से : स्वामी प्रसाद

गिरिराज सिंह ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा था कि राम मंदिर के पहले विपक्ष जानबूझकर कोई घटना अयोजित करा सकता है। उन्होंने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले इंडिया गठबंधन साजिश रचकर किसी घटना को अंजाम दे सकता है। उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि राम मंदिर को खतरा सत्ता से नहीं विपक्ष से हो सकता है। राम मंदिर और सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले का खुलासा हो चुका है। फर्जी आईडी से धमकी देने वाले आदमी का रिश्ता किस पार्टी से है यह जगजाहिर है। वैसे भी केंद्र और प्रदेश दोनों में ही एक पार्टी का शासन है तो इस पर गिरिराज सिंह को चिंता नहीं करनी चाहिए। मालूम हो कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। पीएम मोदी इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

# ईडी पर हमले की घटना सब बयां कर रही राज्य का क्या हाल है : अधीर

» कांग्रेस नेता बोले- ईडी सुरक्षा लेकर आए, नहीं तो हो सकती है हत्या

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में ईडी अधिकारियों पर हुए हमले का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बीजेपी नेता इस हमले को लेकर ममता बनर्जी की सरकार पर लगातार निशाना साध रहे हैं। उधर, बीजेपी की धुर विरोधी पार्टी कांग्रेस ने भी ईडी अधिकारियों पर हुए हमले की निंदा की है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने टीएमसी पर खुलकर हमला बोला है। पत्रकारों के साथ बातचीत में अधीर ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

अधीर ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि बंगाल में ईडी अधिकारियों की हत्या भी हो सकती है। अधीर ने कहा, सत्तारुढ़ पार्टी के गुंडों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला किया है। इससे पता चलता है कि बंगाल में कानून-व्यवस्था का हाल कितना बुरा है। ईडी अधिकारियों आज तो घायल हुए हैं। ईडी अधिकारियों की हत्या भी हो सकती है। ईडी अधिकारियों को अपनी हिफाजत के लिए अधिक सुरक्षाबलों को अपने साथ रखना चाहिए। बंगाल में ये सब होता रहता है। आज जख्मी हुए हैं कल इनकी हत्या भी हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो मेरे लिए ये अचरज की बात नहीं होगी।

# झूठ बोलकर राजनीति नहीं चलती है : जेपी नड्डा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



शिमला। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। सोलन में उन्होंने भव्य रोड शो किया। इसके साथ ही उन्होंने अभिनंदन समारोह को संबोधित भी किया। अपने संबोधन में नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और विपक्ष पर निशाना भी साधा। नड्डा ने कहा कि झूठ बोलकर राजनीति नही चलती है, लोगों को धोखे में रखकर राजनीति नहीं चलती है।

लोगों से जुड़ना पड़ता है, उनकी तकदीर बदलनी पड़ती है। और ये काम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है, इसलिए हमें राजस्थान में जीत मिली, मध्य प्रदेश में जीत मिली और छत्तीसगढ़ में भी जीत मिली। विपक्ष पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि भूपेश बघेल ने गरीबों को दी गई केंद्र सरकार की योजनाओं को लटकाया इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें और उनकी सरकार को लटका दिया। राजस्थान में लोगों को समझ आ गया था कि गहलोत की सरकार महिलाओं पर अत्याचार करने वाली सरकार है, युवाओं के साथ अन्याय करने वाली सरकार है।

# भाजपा का फोकस झूठे प्रोपेगेंडा पर : पवार

» आक्रामक राष्ट्रवाद व गलत प्रचार कर रही मोदी सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भाजपा पर कटाक्ष किया और कहा कि पार्टी हिटलर के प्रचार तंत्र की तरह काम कर रही है। पवार ने यह भी कहा कि जिनके पास सत्ता है उन्हें सिर्फ गोमूत्र दिखता है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए और भाजपा का जिक्र करते हुए, पवार ने कहा कि केवल आरएसएस के कार्यक्रम ही उन्हें दिखाई देते हैं।

राकांपा प्रमुख ने कहा कि निजीकरण, गलत प्रचार फैलाना, मुस्लिम समुदाय के प्रति नफरत और आक्रामक राष्ट्रवाद ये भाजपा के एजेंडे के मूल में मुद्दे हैं। पवार ने कहा कि भाजपा सत्ता में है, उन्होंने आक्रामक प्रचार प्रणाली स्थापित की है। यह जर्मनी में हिटलर के प्रचार तंत्र की तरह काम कर रहा है। उधर पत्रकारों से बात करते हुए यूबीटी शिवसेना के संजय राउत ने कहा, शरद पवार ने जो कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है। यह देश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा की मदद से बढ़ेगा और आगे बढ़ेगा। भाजपा पर शरद पवार के बयान के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि अगर कोई इसका विरोध करता है, तो इसका मतलब देश को 5000 साल पीछे ले जाने और धर्म के आधार पर संघर्ष पैदा करने की इच्छा है।



## शरद के पोते पर ईडी का शिकंजा

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रोहित पवार की कंपनी पर रेड

मुम्बई। एनसीपी के विधायक और शरद पवार के कट्टर समर्थक रोहित पवार मुश्किल में हैं। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत राकांपा विधायक रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो और संबंधित संस्थाओं के परिसरों की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि बारामती, पुणे, औरंगाबाद और अमरावती में लगभग छह स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। बारामती शहर में बारामती एग्रो के कार्यालय को भी कवर किया जा रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला मुंबई पुलिस आर्थिक अपराध विंग की अगस्त, 2019 की एफआईआर से उपजा है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 22 अगस्त, 2019 को महाराष्ट्र सहकारी क्षेत्र में कथित धोखाधड़ी वाले तरीकों से चीनी मिलों को बेचने के आरोपों की जांच करने का आदेश जारी किया और इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज हुई। कोर्ट ने यह भी कहा कि चीनी मिलों को औने-पौने दाम पर बेचा गया था। रोहित पवार के चाचा अजित पवार सत्ता में हैं और वह राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं। फिलहाल, रोहित पवार य उनकी पार्टी की ओर से इस छापेमारी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।




# राम भजन सुनने में क्या दिक्कत है: इमरान मसूद

» कांग्रेस नेता बोले- राम मंदिर उत्सव से किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

सहारनपुर। सहारनपुर में पश्चिम उत्तर प्रदेश के सियासी दिग्गजों में शुमार पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने कहा है कि राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आधार पर हो रहा है। भगवान श्री राम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुए राम मंदिर निर्माण पर उत्सव मनाया जा रहा है तो उस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

राम मंदिर के लोकार्पण पर इमरान मसूद ने कहा कि यदि कहीं भजन कीर्तन हो रहा है तो अच्छी बात है। भजन सुनना चाहिए उसमें क्या दिक्कत है। पूर्व विधायक इमरान मसूद से मीडिया कर्मियों द्वारा सवाल किया गया कि आपने



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी को सहारनपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाए जाने की मांग की है? क्या राहुल गांधी सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे? इसके जवाब में इमरान मसूद ने कहा कि राहुल गांधी हमारे नेता हैं। हर पार्टी के कार्यकर्ता की इच्छा होती है, उसका नेता उसके क्षेत्र से चुनाव लड़े। इसलिए मैंने कहा था कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और हमारे नेता राहुल गांधी सहारनपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ें तो हमारे लिए बड़ी खुशी की बात होगी।




# यूपी और बिहार में सियासी पिच तैयार!

## लक्ष्य साधने के लिए घर-घर पहुंच करेंगे संपर्क

- » सभी सियासी दलों ने बना ली चुनावी रणनीति
- » लालू ने विपक्ष को एकजुट करने को संभाला मोर्चा
- » भाजपा व अमित शाह के टास्क पर प्रदेश नेतृत्व ने तेज की पहल
- » 80 लाख कार्यकर्ता बनेंगे ध्वजवाहक
- » 50 लाख श्रद्धालु करेंगे रामलला के दर्शन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया अब भी सहयोगी दलों की एकजुटता को लेकर असमंजस में फंसी हुई है वंही बीजेपी यूपी व बिहार में बूथ लेबल पर रणनीति बनाने में जुट गई है। इसी के मद्देनजर  बीजेपी ने नीतीश के गढ़ में आयोध्या के नाम पर घर-घर में जाने की योजना बना ली है। साथ ही लोकसभा चुनाव के संघर्ष में जीत दर्ज करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी कमर कस ली है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने प्रदेश नेतृत्व को इसके लिए टास्क दे दिया है।

इसके तहत 80 लाख कार्यकर्ताओं को पार्टी का ध्वजवाहक बनाकर घर-घर जाने के लिए कहा है। अयोध्याधाम तीर्थयात्रा से पार्टी 70 बनाम 30 की राजनीति साधेगी। पार्टी नेतृत्व का प्रयास बिहार की सभी 40 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत सुनिश्चित करने का है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण आधार पांच नवंबर को मुजफ्फरपुर के पताही की सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिया गया संदेश है। वह यह कि 70 बनाम 30 (लगभग 20 प्रतिशत मुसलमान व 10 प्रतिशत यादव) को छोड़कर शेष मतदाताओं को साधने की पहल करनी है। एडीए का कोर मतदाता भी इसी 70 प्रतिशत से है। प्रदेश इकाई उस पर आगे बढ़ चुकी है। इस रणनीति का एक अध्याय अयोध्याधाम में 50 लाख श्रद्धालुओं को श्री रामलला मंदिर का दर्शन कराने का है। उधर राजद सुप्रीमो ने भी मोर्चा सीााल लिया हे। उन्होंने बिहार में इंडिया गठबंधन को मजबूती देने के लिए खुद मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव व टीमएसी के अध्यक्ष समेत कई बड़े नेताओं से कई मुद्दों पर चर्चा की।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष से पन्ना प्रमुख तक को लगाने का लक्ष्य

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का स्पष्ट कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर 70 प्रतिशत बिहार वासियों को भरोसा है। वही हमारे कोर मतदाता भी है। इसी क्रम पार्टी के रणनीतिकार बिसात भी बिछा रहे हैं। संगठनात्मक कार्यक्रम से लोगों को जोड़ने लेकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तक की पहल हो रही। इसके लिए बूथ अध्यक्ष से लेकर पन्ना प्रमुख तक को लगाने का लक्ष्य है। साथ ही 80 लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व दिया जाना है। 2015 व 2020 के विधानसभा चुनाव तक भाजपा यादव वोट बैंक को साधने का प्रयास कर रही थी।

उत्तर प्रदेश

### बिहार में लालू ने संभाला मोर्चा बड़े नेताओं से की बात

लोकसभा चुनाव के पहले विपक्षी एकता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। नीतीश कुमार को इंडी गठबंधन का संयोजक बनाए जाने का मसला भी तूल पकड़ रहा है। ऐसी ही चर्चा और उठते सवालों के बीच राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। वह इस बार भीष्म पितामह के रूप में सामने आए हैं। इसी सिलसिले में बुधवार की लालू प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत आइएनडीआइए के कई नेताओं से बारी-बारी से फोन पर बात की है।राजद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लालू प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ ही शिवसेना (उद्धव बाला साहब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे से फोन पर बात की। लालू प्रसाद की इन नेताओं से लोकसभा की सीटों के बंटवारे को लेकर लंबी बात हुई। सूत्रों की माने तो लालू प्रसाद ने इंडी गठबंधन के पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा जल्द से जल्द करने की बात कही। साथ ही कहा कि यह आइएनडीआइए की अगली बैठक की तिथि जल्द से जल्द निर्धारित हो ताकि इस कार्य को प्राथमिकता में किया जा सके। लालू प्रसाद ने फोन पर चर्चा के दौरान नीतीश कुमार को आइएनडीआइए का संयोजक बनाने को लेकर भी अपनी बात रखी।



कहा जा रहा है कि उनका मानना है कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने में किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। स्वयं कांग्रेस के साथ ही तमाम दलों को नीतीश कुमार के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है। ऐसी स्थिति में अगली बैठक में नीतीश कुमार के नाम पर सहमति बनाई जा सकती है। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई मसलों पर सहयोगी दल के नेताओं से बातचीत की।

### भाजपा का यादव को छोड़ दूसरी पिछड़ी जातियों पर फोकस

अब यादव को छोड़ दूसरी पिछड़ी जातियों पर उसका फोकस है। विशेषकर जाति आधारित गणना का आंकड़ा सार्वजनिक होने के बाद से भाजपा ने अपनी रणनीति में परिवर्तन किया है। जमीनी फीडबैक के आधार पर सांगठनिक विस्तार में सम्राट स्पष्ट संदेश दे चुके हैं। भूपेंद्र यादव बिहार में आठ वर्ष (2014 से 2022 तक) प्रदेश प्रभारी रहे थे। उस दौरान भाजपा का जोर राजद के कोर वोट यानी यादवों में सेंध लगाने का रहा। इसी योजना के तहत नित्यानंद राय को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, लेकिन यादव पूर्णतया भाजपा के पक्षधर नहीं हुए। गुजरे दौर के गठबंधन को भी पार्टी नेता भाजपा के लिए नुकसानदेह बताते रहे हैं। बिहार में कुर्मी-कुशवाहा की राजनीतिक संज्ञा लव-कुश है। यह जदयू का कोर वोट बैंक है, लेकिन आरसीपी सिंह और उपेंद्र कुशवाहा की विदाई के बाद से भाजपा उसमें सेंधमारी का अवसर तलाशने लगी है। सम्राट के जरिए वह इस अवसर को अपने पक्ष में करने की ठान चुकी है। जैसा कि पार्टी के रणनीतिकार बता रहे, सम्राट की ताजपोशी ही यादववाद का आवरण उतार कर पारंपरिक मतदाताओं के साथ अति पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए हुई है।

बिहार

## राजभर ने अमित शाह से की मुलाकात

उत्तर प्रदेश में भी राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। जहां एक ओर कांग्रेस का मंथन हो रहा है, तो वहीं अब भारतीय जनता पार्टी में भी सुगबुगाहट तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले अब नेताओं की मुलाकातों का दौर शुरू हो गया है। अब सुभासपा चीफ ओम प्रकाश राजभर ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले अनुप्रिया पटेल भी गृहमंत्री से मुलाकात कर चुकी हैं। सुभासपा चीफ ओम प्रकाश राजभर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राजभर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी है। राजभर ने लिखा कि आज नई दिल्ली में देश के यशस्वी गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी से नव वर्ष पर



आत्मीय मुलाकात हुई और उत्तर प्रदेश और बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, लोकसभा चुनाव की तैयारियों सहित भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किये जाने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा हुई। आज नई दिल्ली में देश के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह जी से नव वर्ष पर आत्मीय मुलाकात हुई और उत्तर प्रदेश और बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, लोकसभा चुनाव की तैयारियों सहित भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किये जाने के लिए प्रस्ताव यथा शीघ्र उत्तर प्रदेश सरकार में शामिल करने की चर्चा की है। इसके साथ ही राजभर और अमित शाह के बीच यथा शीघ्र उत्तर प्रदेश सरकार से दिल्ली सरकार को रिपोर्ट मंगाने पर चर्चा हुई व बंजारा जाति के सामाजिक समस्याओं व गोंड,खरवार जाति के जाति प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में सरकार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र के शासनादेश का पालन कराकर जाति प्रमाण पत्र जारी कराने पर चर्चा हुई एवं वंचित शोषित वर्गों के हितों से जुड़े अहम विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# चुनावी चंदे के खर्चे पर भी रखा जाए नजर

> अब सवाल ये उठता है कि जिन पार्टियां को करोड़ो में चंदा मिल रहा है क्या वह पार्टी चुनाव में इन पैसों को खर्च कर पाती है। इस लिए अब ऐसा निगरानी तंत्र होना चाहिए जो इन खर्चे पर नजर रखे। एडीआर यानी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है। जिसमें बताया गया कि बीजेपी को पिछले साल यानी 2022-23 में इलेक्टोरल ट्रस्ट से 259.08 करोड़ का चंदा मिला।

*चुनावों के लिए सियासी पार्टियों द्वारा चंदा लेना आम बात है। सियासी दल जहां आम जन से छोटे-छोटे चंदे लेते हैं। वहीं कुछ बड़े उद्योगपति भी पार्टियों को फंड या चंदा देते हैं। ये चंदा करोड़ों रुपये में सियासी दलों को मिलते हैं। अब सवाल ये उठता है कि जिन पार्टियां को करोड़ो में चंदा मिल रहा है क्या वह पार्टी चुनाव में इन पैसों को खर्च कर पाती है। इस लिए अब ऐसा निगरानी तंत्र होना चाहिए जो इन खर्चे पर नजर रखे। एडीआर यानी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है। जिसमें बताया गया कि बीजेपी को पिछले साल यानी 2022-23 में इलेक्टोरल ट्रस्ट से 259.08 करोड़ का चंदा मिला। हालांकि ये साल 2021-22 के चंदे से कम है लेकिन अन्य सभी छोटी बड़ी पार्टियों को मिले चंदे का यह 70.69 प्रतिशत है। साल 2021-22 में भारतीय जनता पार्टी को 336.50 करोड़ रुपए का चंदा मिला था। एडीआर के इसी रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस को इलेक्टोरल ट्रस्ट से 17.40 करोड़ रुपए का चंदा मिला।*

*इतना ही चंदा आम आदमी पार्टी और वाईएसआर कांग्रेस को भी मिला है। रिपोर्ट कहती है कि भारतीय जनता पार्टी के बाद सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली पार्टी है भारतीय राष्ट्र समिति यानी वीआरएस. इस पार्टी को इलेक्टोरल ट्रस्ट से 90 करोड़ रुपये मिले है। अगर नहीं तो समझते है कि पार्टियां चंदा कितना और कैसे खर्च करती है? चुनावी खर्च को दो कैटेगरी में रखा गया है। पहली कैटेगरी इलेक्शन एक्सपेंसेस है, जिसे कानून के तहत चुनाव प्रचार के लिए अनुमति दी जाती है, बशर्ते वह तय की गई सीमा के भीतर हो। इसमें सार्वजनिक बैठकों, रैलियों के पोस्टर, बैनर, गाड़ियां, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन आदि जैसे प्रचार से जुड़ा खर्च शामिल होगा। चुनावी खर्च की दूसरी कैटेगरी में उन खर्चों को रखा जाता है जिसकी कानून के तहत अनुमति नहीं है। उदाहरण के लिए, मतदाताओं को अपने पाले में करने के इरादे से उन्हें धन, शराब या किसी अन्य वस्तु देना। चुनाव आचार संहिता के नियम 90 में साल 2022 में कुछ परिवर्तन किए गए थे, जिसके तहत निर्वाचन आयोग ने चुनाव व्यय को यानी चुनाव में होने वाले खर्च को लोकसभा और विधानसभा के लिए बढ़ा दिया था। चुनावी खर्च की ऊपरी सीमा हर राज्यों में अलग- अलग तय की गई है. इन राज्यों को छोटे और बड़े राज्यों में बांटा गया है और ये बंटवारा उनकी जनसंख्या के हिसाब से किया गया है। बड़े राज्यों में यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों को शामिल किया गया है और छोटे राज्यों में सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा और सभी यूनियन टेरिटरी को रखा गया है।*

( इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं )

# हमास के उप-प्रमुख की हत्या से क्षुब्ध मिडिल ईस्ट

पुष्परंजन

मंगलवार को एक ड्रोन हमले में हमास के उप-नेता सालेह अल-अरौरी को मार गिराया गया। इस्राइली फोर्स ने बेरूत के एक अपार्टमेंट को निशाने पर लिया था, जहां सालेह अल-अरौरी की मौत हो गई। हमास ने इसकी पुष्टि की है और यह बताया है कि इस हमले में छह और लोग मारे गये हैं। सालेह अल-अरौरी ने अगस्त में कहा था, 'मैं शहादत का इंतजार कर रहा हूं।' अल कसम ब्रिगेड के संस्थापक रहे सालेह अल-अरौरी ने इस्राइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों से हथियार उठाने की अपील की थी। हमास ने हत्या की पुष्टि से अधिक कुछ कहा नहीं, किंतु उसके सहयोगी समूह 'इस्लामिक जिहाद' ने मंगलवार को एक बयान में अरौरी की हत्या का बदला लेने की कसम खाई, और कहा कि वह सजा दिए बिना नहीं मानने वाला। इस बयान से स्पष्ट है कि 2024 में इस्राइल और हमास के बीच शांति नहीं होने वाली। सालेह अल-अरौरी हमास में इस्माइल अल हानिया के बाद दूसरे नंबर के नेता माने जाते थे। आखिरी बार ईरानी मीडिया ने तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ अगस्त, 2023 में देखा था।

हानिया और अरौरी ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ किस पैलेस में मिले थे, इसकी जांच में पश्चिमी मीडिया के बहुत सारे पत्रकार लगाये गये थे। मशहूर फिल्म निर्माता और ईरानी विपक्ष के प्रवक्ता मोहसिन मखमलबाफ के अनुसार, 'ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई छह महलों में रहते हैं और उनके पास आठ निजी हवाई जहाज, पांच हेलीकॉप्टर और 1,000 से अधिक कारें हैं। मखमलबाफ ने खामेनेई की निजी संपत्ति 30 अरब डॉलर और उनके परिवार की अतिरिक्त संपत्ति 6 अरब डॉलर बताई है। मखमलबाफ का कहना है कि खामेनेई 10,000 पर्सनल गार्डों से घिरे रहते हैं, इसलिए यह जानकारी निकालना थोड़ा कठिन था कि हमास के नेता, उनसे किस महल में मिले। सालेह अल-अरौरी की हत्या ने ईरानी लीडरशिप को परेशान किया होगा, यह तो तय मानिये।

हमास के भीतर, अरौरी का अक्स प्रतिद्वंद्वी फलस्तीनी गुटों के बीच सुलह कराने के वास्ते वर्णित किया जाता था। सालेह अल-अरौरी के फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास की पार्टी फतह के साथ भी अच्छे संबंध थे, जिसका वर्चस्व वेस्ट बैंक में है। हमास और फतह के बीच वर्षों से मतभेद रहे हैं, 2007 में हमास के प्रतिद्वंद्वी गुटों से लड़ाई हुई थी। बाद में हमास ने गाजा की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। बाद के दिनों में प्रतिद्वंद्वी संगठनों ने समय-समय पर बातचीत जारी रखी जिसमें सालेह अल-अरौरी की बड़ी भूमिका बताई जाती थी। अरौरी थोड़े लचीले माने जाते थे, मगर जब इस्राइल के साथ संघर्ष की बात आई, तो अरौरी को एक कट्टरपंथी के रूप में देखा गया। अरौरी ने सैन्य शाखा 'इज अल-दीन अल-कसम ब्रिगेड' की स्थापना में मदद की थी। उसके हवाले से इस्राइल ने अरौरी पर घातक हमलों को अंजाम देने का आरोप लगाया था। इस्राइली अधिकारियों के अनुसार, 2014 में वेस्ट बैंक में तीन इस्राइली किशोरों के अपहरण और हत्या में अरौरी की प्लानिंग थी। यह एक ऐसा कृत्य था जिसके कारण गाजा पर सात सप्ताह तक इस्राइली हमले होते रहे, जिसमें 2,100 फलस्तीनी मारे गये थे। यों, अरौरी को दिसंबर, 2023 में हुई शांति वार्ता में आगे रखा गया था। लेकिन अरौरी बंधकों की रिहाई पर अड़ंगे डालते रहे। उन्होंने दिसंबर में कहा था कि पूर्ण युद्धविराम होने तक बाकी बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा। बताते हैं कि इसके बाद ही इस्राइल के टारगेट में अरौरी आ गये। अब निशाने पर दूसरे हमास नेता याह्या सिनवार, मोहम्मद दीफ और मारवान ईसा हैं। ये लोग तुर्की के अलावा मिडिल ईस्ट के अलग-अलग ठिकानों में भूमिगत हैं। इस्राइल



ने संकल्प किया है कि हमास की टॉप लीडरशिप इस्माइल हानिया ही हमारा टारगेट है। हानिया इस समय कतर में हैं, मिस्र में हैं, लेबनान या ईरान में हैं, इसे सुनिश्चित करने में मोसाद लगा हुआ है। मोसाद यह समझने लगा है कि सालेह अल-अरौरी की हत्या के बाद से उसकी साख की वापसी हुई है।

तीन दशकों से अधिक समय तक इस्राइली खुफिया विभाग के साथ काम करने वाले उदी लेवी ने अल-अरौरी को 'हमास के अंदर ईरान का आदमी' बताया था। अमेरिका ने सालेह अल-अरौरी को 2015 में आतंकवादी घोषित किया था। अल-अरौरी को इस्राइल पर 7 अक्टूबर, 2023 के हमले का वास्तुकार माना जाता है। इसके अलावा वेस्ट बैंक में हमास की गतिविधियों का विस्तार करने में सालेह अल-अरौरी को बड़ी भूमिका के लिए भी जाना जाता था। वर्ष 1966 में रामल्ला के पास जन्मे अरौरी हमास की बुनियाद रखने वाले चंद लोगों में जाने जाते रहे।

# बुध और शुक्र पर संभावित जीवन के संकेत

मुकुल व्यास



पारलौकिक जीवन की खोज कर रहे वैज्ञानिकों का ध्यान अब बुध और शुक्र की तरफ गया है। उन्होंने बुध के उत्तरी ध्रुव के पास लवणयुक्त ग्लेशियरों की खोज की है, जिससे यह संभावना बढ़ गई है कि सूर्य का निकटतम ग्रह जीवन की मेजबानी करने में सक्षम हो सकता है। दूसरी तरफ, वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि शुक्र पर कभी टेक्टोनिक प्लेट में वैसी ही हलचल हुई होगी जैसी प्रारंभिक पृथ्वी पर हुई थी। यह खोज शुक्र पर प्रारंभिक जीवन की संभावना की तरफ इशारा करती है। बुध सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह है। इस ग्रह के लवणीय ग्लेशियरों में जीवन के चरम रूपों के लिए सही परिस्थितियां हो सकती हैं।

दरअसल, नए निष्कर्ष नासा के मैसेंजर रोबोटिक यान द्वारा किए गए पिछले अवलोकनों पर आधारित हैं। मैसेंजर ने 2011 और 2015 के बीच बुध की रासायनिक संरचना, चुंबकीय क्षेत्र और भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया था। नई खोज का ब्योरा द प्लैनेटरी साइंस पत्रिका में दिया गया है। एरिजोना स्थित ग्रह-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक और अध्ययन के प्रमुख लेखक एलेक्सिस रोड्रिग्ज ने कहा, हाल के एक शोध से पता चला था कि प्लूटो में नाइट्रोजन के ग्लेशियर हैं। नई खोज इसी शोध का विस्तार है। इन शोधों के नतीजों से स्पष्ट है कि हमारे सौरमंडल के सबसे गर्म से लेकर सबसे ठंडे क्षेत्रों तक ग्लेशियर पाए जाते हैं। बुध के रेडिटलाडी और एमिनेस्कु क्रेटर में पाए जाने वाले ये ग्लेशियर पृथ्वी जैसे हिमखंडों की तरह नहीं हैं। इसके बजाय, वे लवण के प्रवाह हैं जो बुध की सतह के नीचे वाष्पशील यौगिकों को जकड़े हुए हैं। भूविज्ञान की दृष्टि से वाष्पशील पदार्थ वे रसायन हैं जो किसी ग्रह पर आसानी से वाष्पित हो जाते हैं, जैसे पानी, कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन। क्षुद्रग्रहों के प्रहारों ने बुध के विचित्र लवण खंडों को उजागर किया है। इस प्रक्रिया में सतह के नीचे फंसा हुआ पदार्थ भी उजागर हो गया। यही वजह है कि विज्ञानियों ने इन्हें क्रेटरों में खोजा।

सूर्य से निकटता के कारण बुध पर ग्लेशियरों का पाया जाना सचमुच आश्चर्यजनक है। यह ग्रह पृथ्वी की तुलना में सूरज से 2.5 गुना अधिक निकट है। उस छोटी सी दूरी पर चीजें बहुत अधिक गर्म होती हैं। अध्ययन के सह-लेखक ब्रायन ट्रैविस के अनुसार लवण के ये प्रवाह एक अरब वर्षों से अधिक तक अपने वाष्पशील पदार्थों को संरक्षित कर सकते हैं। हालांकि बुध का लवण भंडार विशिष्ट हिमखंडों या आर्कटिक ग्लेशियरों के अनुरूप नहीं है, पृथ्वी पर भी लवणीय वातावरण मौजूद है। इसलिए भूविज्ञानियों को इस बात का अच्छा अंदाजा है कि ये किस तरह के वातावरण हैं और क्या वहां जीवन उभर सकता है। रोड्रिग्ज ने कहा, पृथ्वी पर विशिष्ट लवण यौगिक कुछ सबसे कठोर वातावरणों में भी रहने योग्य स्थान बनाते हैं। चिली में अटाकामा का शुष्क रेगिस्तान इसका उदाहरण है। सोच की यह दिशा हमें बुध पर सतह के नीचे के क्षेत्रों पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है। ये क्षेत्र ग्रह की कठोर सतह की तुलना में अधिक अनुकूल हो सकते हैं।

दरअसल, सूर्य की तीव्र किरणों के बावजूद बुध की सतह के नीचे जकड़े हुए वाष्पशील पदार्थ भूमिगत जीवन को बनाए रखने में सक्षम हो सकते हैं। पानी जैसे वाष्पशील पदार्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं। यदि बुध पर जीवन हो सकता है, तो बुध जैसे बाहरी ग्रह उन विज्ञानियों के लिए अधिक आकर्षक हो सकते हैं जो पारलौकिक जीवन की तलाश कर रहे हैं। बुध की सतह के नीचे वास्तव में क्या छिपा हुआ है, इस पर प्रकाश डालने के लिए अभी और अध्ययन की आवश्यकता है। सौरमंडल में हमारा सबसे करीबी पड़ोसी शुक्र ग्रह एक झुलसा देने वाली बंजर भूमि है। पृथ्वी की तरह शुक्र की आयु करीब 4.5 अरब वर्ष है। उसका आकार और द्रव्यमान भी लगभग पृथ्वी के बराबर है। शायद इसी वजह से उसे पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है। नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं और अन्य वैज्ञानिकों की एक टीम ने शुक्र ग्रह के वायुमंडलीय डेटा और कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग करके यह दर्शाया है कि ग्रह के वर्तमान वायुमंडल की संरचना और सतह का दबाव केवल प्लेट टेक्टोनिक्स के प्रारंभिक रूप के परिणामस्वरूप ही संभव हो पाए होंगे। प्लेट टेक्टोनिक्स जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। दरअसल, प्लेट टेक्टोनिक्स सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी की ऊपरी परत (लिथोस्फीयर) कई बड़े शिलाखंडों अथवा प्लेटों में विभाजित है जो पृथ्वी के नरम मध्य भाग (कोर) के ऊपर चट्टानी आंतरिक परत (मेंटल) पर सरकती हैं।

ये प्लेटें पृथ्वी के लैंडस्केप को नया आकार देने के लिए लगातार चलती रहती हैं। पृथ्वी पर प्लेट टेक्टोनिक्स की प्रक्रिया अरबों वर्षों में तीव्र हुई, जिससे नए महाद्वीपों और पहाड़ों का निर्माण हुआ। इस प्रक्रिया के कारण उत्पन्न रासायनिक क्रियाओं की वजह से ही हमारे ग्रह की सतह का तापमान स्थिर हुआ जिससे जीवन के विकास के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार हुआ। दूसरी ओर, शुक्र विपरीत दिशा में चला गया। आज उसकी सतह का तापमान इतना गर्म है कि सीसा पिघल सकता है। शुक्र के वायुमंडल में मौजूद नाइट्रोजन और कार्बन डाइऑक्साइड की प्रचुरता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने निष्कर्ष निकाला है कि लगभग 4.5 अरब से 3.5 अरब साल पहले ग्रह के निर्माण के कुछ समय बाद शुक्र पर प्लेट टेक्टोनिक्स रही होगी।



# इन जगहों पर करें स्काई डाइविंग

कोई अपने दोस्तों के साथ, कोई अपने परिवार संग, तो कोई तो अकेले ही घूमने निकल पड़ता है। किसी को हिल स्टेशन पसंद आते हैं, तो कोई ऐसी जगह की तलाश में रहता है जहां वो सुकून के पल बिता सके। ऐसे में कुछ लोगों को पहाड़ों की सैर करना अच्छा लगता है। तो कई लोग समुद्र किनारे घूमने की तमन्ना रखते हैं। इसके अलावा कई लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां उन्हें एडवेंचर करने को मिल सके। भारत में कई ऐसी जगह भी हैं, जहां पर आप जी भरकर एडवेंचर कर सकते हैं। तो कुछ जगहों को एक्सप्लोर करना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। एडवेंचर्स एक्टिविटी का जिक्र आते ही ज्यादातर लोग पैराग्लाइडिंग और स्काई डाइविंग को तवज्जो देते हैं। इसी में से एक है स्काई डाइविंग, जिसे काफी लोग करना चाहते हैं।

## बीर-बिलिंग, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में स्थित बीर-बिलिंग स्काई डाइविंग के लिए प्रसिद्ध है। बीर-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग ओलंपिक का भी आयोजन किया जा चुका है। हर साल यहां देश-विदेश से काफी सैलानी पहुंचते हैं, जो इसका लुत्फ उठाते हैं। ऐसे में आप यहां जा सकते हैं। आपको यहां स्काई डाइविंग का बेस्ट अनुभव मिल सकता है।

## मैसूर, कर्नाटक

मैसूर कर्नाटक में स्थित है और यहां पर स्काई डाइविंग करवाई जाती है। ऐसे में आप भी बाकी सैलानियों की तरह यहां इसका लुत्फ ले सकते हैं। दूर-दूर से लोग यहां स्काई डाइविंग करने पहुंचते हैं। बैंगलुरु से कुछ ही घंटे की दूरी पर बसे मैसूर में बहुत सारे स्काई डाइविंग कैंप्स मिलेंगे। यहां आकर स्काई डाइविंग करना बिल्कुल अलग ही तरह का एक्सपीरियंस होता है। टैंडेम से लेकर स्टेटिक और एक्सीलेरेटेड हर तरह के जंप्स के लिए प्रोफेशनल ट्रेनर्स द्वारा आपको 2-3 दिन की ट्रैनिंग दी जाती है। इसके बाद ही आप स्काई डाइविंग का मजा ले सकते हैं। हवा में फ्री होकर उड़ते हुए आसपास के खूबसूरत नजारों को देखने का एहसास अलग ही होता है।

## अलीगढ़

उत्तर प्रदेश में स्थित अलीगढ़ को आप भले ही कई अन्य चीजों के लिए जानते हों, लेकिन ये जगह स्काई डाइविंग के लिए भी जानी जाती है। दिल्ली के बेहद पास होने की वजह से यहां काफी पर्यटक पहुंचते हैं। ट्रेनर्स की देखरेख में ही आपको यहां एक्टिविटी करवाई जाती हैं।

## अंबे वैली, महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में स्थित अंबे वैली घूमने के लिए तो सही जगह है ही, क्योंकि यहां की खूबसूरती लोगों को अपनी ओर काफी आकर्षित करती है। साथ ही ये जगह स्काई डाइविंग के लिए भी प्रसिद्ध है। आप अपने दोस्तों, परिवार संग या पार्टनर के साथ यहां जा सकते हैं। स्काई डाइविंग के लिए मशहूर एंबी वैली की दूरी मुंबई से 120 किलोमीटर है। तो वहीं अंबे वैली पुणे से 90 किलोमीटर और लोनावाला से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अंबे वैली को महाराष्ट्र के खूबसूरत हिल स्टेशन के साथ-साथ कई एडवेंचर्स एक्टिविटीज के लिए भी जाना जाता है।



## हंसना मना है

फेंकू- पप्पू, जल्दी से टीवी चालू कर, 30 फीट का सांप दिखा रहे हैं, पप्पू- अरे फेंकू, नहीं देख सकते हम, फेंकू- क्यों? पप्पू- क्योंकि हमारा टीवी 21 इंच का है ना।

लड़की- परसो मैं तुम्हें राखी बांधने आयी थी, पर तुमने नहीं बंधवाई क्यू? लड़का- अगर मैं तेरे लिए मंगलसूत्र लाऊं तो क्या बंधवायेगी, बात करती है।

बेटा- मुझे शादी नहीं करनी! मुझे सभी औरतों से डर लगता है! पिता- शादी कर ले बेटा! फिर एक ही औरत से डर लगेगा, बाकी सब अच्छी लगेंगी।

बंता- तेरे घर से हमेशा हसने कि आवाज आती है, इतनी खुशी का राज क्या है? संता- मेरी बीवी मुझे जूते मारती है, लग जाये तो वो हसती है, नही लगे तो मैं हसता हूं!

मैंने सुना है आप बहुत कमजोर हो गए हो, फिट रहने के लिए रोज 1 चम्मच खाया करो अंबुजा सिमेंट, क्योंकि इस सिमेंट में जान है!

पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा, और न जाने कहां- कहां घुमाते थे, शादी हुई तो घर के बाहर भी नहीं ले जाते..पति- क्या तुमने कभी किसी को.. चुनाव के बाद प्रचार करते देखा है।

## कहानी | बाबापुर की रामलीला

काशी की एक नाटक मंडली हमेशा दशहरे से पहले विजयनगर आया करती थी। यह नाटक मंडली विजयनगर में रामलीला किया करती थी और नगर वासियों का मनोरंजन किया करती थी। लेकिन एक साल ऐसा आया जब काशी नाटक मंडली के कई सदस्य बीमार पड़ गए और उन्होंने कह दिया कि वो विजयनगर नहीं आ पाएंगे। यह सुनकर महाराज कृष्णदेव राय और सारी प्रजा बहुत उदास हो गई। दशहरे को अब सिर्फ कुछ ही दिन बाकी थे और ऐसे में किसी और नाटक मंडली को बुलाकर रामलीला का आयोजन करवाना बहुत मुश्किल था। दरबार के मंत्रियों और राजगुरु ने आसपास के गांव की नाटक मंडली को बुलाने की कोशिश की, लेकिन किसी का भी आ पाना बहुत मुश्किल था। सबको निराश देख तेनालीराम ने कहा, मैं एक नाटक मंडली को जानता हूं। मुझे यकीन है कि वो विजयनगर में रामलीला करने के लिए जरूर तैयार हो जाएंगे। राजा ने तेनाली को मंडली बुलाने की जिम्मेदारी सौंप दी और तेनाली ने भी रामलीला की तैयारी करना शुरू कर दी। विजयनगर को नवरात्र के लिए सजाया गया और रामलीला मैदान की साफ-सफाई करवा कर वहां बड़ा-सा मंच बनवाया गया। उसी के साथ मैदान पर बड़ा-सा मैला भी लगवाया गया। जब नगर में रामलीला होने की खबर फैली, तो सारी जनता रामलीला देखने के लिए उत्सुक हो गई। रामलीला वाले दिन सभी लोग रामलीला देखने के लिए मैदान में इकट्ठे हो गए। वहीं, महाराज कृष्णदेव राय, सभी मंत्रीगण और सभा के अन्य सदस्य भी वहां मौजूद थे। सभी ने रामलीला का खूब मजा उठाया। जब नाटक खत्म हो गया, तो सभी ने उसकी बहुत तारीफ की। खासकर, नाटक मंडली में मौजूद बच्चों की कलाकारी सभी को बहुत पसंद आई थी। महाराज सभी से इतना खुश थे कि उन्होंने पूरी नाटक मंडली को महल में खाना खाने का न्योता दे दिया। जब पूरी मंडली महल आई, तो सभी ने महाराज, तेनाली और अन्य मंत्रीगण के साथ भोजन किया। इस दौरान महाराज ने तेनालीराम से पूछा कि उन्हें इतनी अच्छी मंडली कहां से मिली? इस पर तेनाली ने उत्तर दिया, ये मंडली बाबापुर से आई है, महाराज। बाबापुर? इस जगह का नाम तो हमने कभी नहीं सुना। कहां है ये? महाराज ने आश्चर्य से पूछा। यहीं विजयनगर के पास ही है, महाराज। तेनाली की यह बात सुनकर मंडली के सदस्य मुस्कुराने लगे। इस पर महाराज ने उनसे मुस्कुराने की वजह पूछी, तो मंडली का एक बच्चा बोला, महाराज, हम विजयनगर के ही रहने वाले हैं। इस मंडली को तेनाली बाबा ने तैयार करवाया है और इसलिए हमारा नाम बाबापुर की मंडली है। बच्चे की यह बात सुनकर महाराज सहित सभी लोग ठहाके लगाने लगे।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**वृषभ** लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**मिथुन** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा।

**कर्क** निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा।

**सिंह** आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है।

**कन्या** मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**तुला** प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक** पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु** विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मकर** व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है।

**कुम्भ** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**मीन** घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रयास करें। कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी।

# बॉलीवुड के बाद अब कन्नड़ सिनेमा में डेब्यू करेंगी करीना



बॉलीवुड मसाला

करीना कपूर को लेकर खबर आ रही हैं कि वो यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' से अपना कन्नड़ डेब्यू करने वाली हैं। साउथ एक्टर यश ने पिछले साल अपनी नई फिल्म की घोषणा की थी और दिसंबर में ही इसके टाइटल का खुलासा हुआ था। हालांकि फिल्म के बारे में अभी ज्यादा अपडेट नहीं आई है। इसी बीच बताया जा रहा है कि फिल्म में बॉलीवुड की बेबो भी अहम रोल निभा सकती हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्देशक गीतू मोहनदास और यश आने वाले दिनों में करीना के स्टारकास्ट में शामिल होने की घोषणा कर सकती हैं। ऐसा भी बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग कुछ ही हफ्तों में शुरू होने वाली है। करीना पहली बॉलीवुड एक्ट्रेस नहीं हैं जो यश के साथ काम करेंगी। 2022 में यश को केजीएफ 2 में रवीना टंडन और संजय दत्त के साथ काम कर चुके हैं।

टॉक्सिक फिल्म में करीना कपूर से पहले एक्ट्रेस साई पल्वी और राशि खन्ना के नाम की चर्चा हो रही थी। अब इसके लिए बेबो का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है, लेकिन हालांकि अभी इस बारे में ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। यश स्टारर यह फिल्म सिनेमाघरों में अगले साल यानि 2025 में रिलीज हो सकती है।

टॉक्सिक की बात करें तो यह फिल्म यश की 19वीं फिल्म है। उन्होंने पिछले महीने न केवल टाइटल जारी किया, बल्कि एक शॉर्ट वीडियो भी जारी किया, जो उनके चरित्र की पहली झलक देखने को मिली थी। वीडियो में डीसी कॉमिक के फेमस विलन जोकर सहित कई एंटी-हीरोज शामिल हैं। इन एंटी-हीरोज की हर तस्वीर आग की लपटों को पकड़ रही होती हैं।

# कंगना रणौत ने 12वीं फेल देखकर की विक्रांत मैसी की जमकर तारीफ



विक्रांत मैसी की तारीफ इन दिनों हर ओर हो रही है। 12वीं फेल में शानदार अदाकारी के लिए कई मशहूर हस्तियों से उन्हें खूब प्रशंसा मिली है। अब इस लिस्ट में कंगना रणौत का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में अभिनेत्री ने उनकी प्रतिभा की सराहना की और कहा कि उनमें दिवंगत इरफान खान द्वारा छोड़े गए शून्य को भरने की क्षमता है।

कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए फिल्म और इसके कलाकारों की खूब तारीफ की। उन्होंने लिखा, क्या शानदार फिल्म है.. मैं हिंदी माध्यम से हूं और एक ग्रामीण क्षेत्र से ताल्लुक रखती हूं। अपने स्कूल के दिनों में बिना आरक्षण के प्रवेश परीक्षाओं के लिए सामान्य जाति की छात्रा होने के नाते, मैं पूरी फिल्म में रो रही थी, उफ्फ मैंने इतना कभी नहीं रोया...एक फ्लाइट में मेरे सहयात्री इससे काफी चिंतित हो गए थे। अगली स्टोरी में उन्होंने लिखा, विधु सर ने एक बार फिर मेरा दिल जीत लिया है। विक्रांत मैसी ने फिल्म में अद्भुत काम किया है। अपने आने वाले वर्षों में वे इरफान खान साहब की कमी को पूरी कर सकते हैं... आपकी प्रतिभा को सलाम।




बॉलीवुड मन की बात

# सफल वेब सीरीज बनाने को जरूरी है मजबूत लेखन : मनोज वाजपेयी



बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक मनोज बाजपेयी की फिल्में और वेब सीरीज दर्शकों को खूब पसंद आती है। सत्या और गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसे फिल्मों में मनोज के किरदार को लोग आज भी याद करते हैं। वह हर बार कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, जो उन्हें अन्य अभिनेताओं से अलग बनाता है। आज भी यह सिलसिला लगातार जारी है। बीते कुछ समय में ओटीटी पर भी मनोज के कई वेब सीरीज रिलीज हुए, जिसे देश में सबसे ज्यादा देखा गया। इस लिस्ट में द फैमिली मैन का नाम सबसे ऊपर है। हाल ही में अभिनेता ने सफल वेब सीरीज की कहानी और उसके लेखन को लेकर बात की। उन्होंने क्या कहा चलिए आपको बताते हैं। एक साक्षात्कार में मनोज ने बताया कि वह अपने किरदार के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह इसलिए भी जरूरी हो जाता है क्योंकि ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से अपनी जगह बना रहा है। गौरतलब है कि आज के समय में मनोज को ओटीटी किंग कहा जाता है और इसे नकारा भी नहीं जा सकता। बीते कुछ सालों में वे डिजिटल प्लेटफार्म पर मजबूत पकड़ बनाने में सफल रहे हैं। मनोज ने आगे कहा, बीते चार साल में मेरे साथ सबसे अच्छी बात ये हुई कि मुझे बहुत सारे अच्छे प्रोजेक्ट मिले और यह मुझ पर निर्भर करता है कि मैं किसे चुनता हूं। हालांकि, मैं उन प्रोजेक्ट को ज्यादा प्राथमिकता देता हूं, जो रचनात्मकता को एक अलग लेवल पर ले जाए। मैं फैंस को एक अलग अनुभव देने के लिए खुद को चैलेंज करता हूं। मैं चाहता हूं कि निर्देशक और लेखक मुझे कुछ असाधारण सा दें, गौरतलब है कि मनोज का अगला प्रोजेक्ट भी एक वेब सीरीज है, जिसका नाम किलर सूप है। इसका निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया है। किलर सूप एक क्राइम थ्रिलर है, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा नजर आएंगी। इस वेब सीरीज के बारे में बात करते हुए मनोज ने सफल वेब सीरीज बनाने का मंत्र बताया। मनोज ने कहा, इस सीरीज की कहानी काफी मजबूत है। मुझे लगता है कि एक अच्छी और सफल वेब सीरीज बनाने के लिए मजबूत लेखन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि इस पहले इस तरह की थ्रिलर या ब्लैक कॉमेडी कभी नहीं बनाई गई है। यह एक बिल्कुल अलग अनुभव था। किलर सूप 11 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

# सोने के ढेर पर बसा ये शहर! इसके बावजूद सड़कें और ड्रेनेज सिस्टम तक नहीं हैं यहां



अगर किसी को सोने के ढेर का पता चल जाए तो लोग लूटने पर उतारू हो जाएंगे। लेकिन आज हम आपको दुनिया के एक ऐसे शहर के बारे में बताने जा रहे हैं जो सोने के ढेर पर ही बसा हुआ है। इसके नीचे इतना सोना है कि कई देशों की इकोनॉमी सुधर जाए। लाखों लोग करोड़पति हो जाएं। मगर यहां के लोग किस्मत के उतने धनी नहीं। यह शहर इतनी ऊंचाई पर स्थिति है कि इसे अंतरिक्ष के सबसे करीब माना जाता है। यहां रहने सबके बस की बात नहीं। हम बात कर रहे दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में बसे शहर ला रिनकोनाडा की। इसे दुनिया का सबसे ऊंचा शहर माना जाता है, जिसकी ऊंचाई 5500 मीटर से भी ज्यादा है। इसी वजह से रिनकोनाडा को अंतरिक्ष का सबसे करीबी शहर होने का दर्जा प्राप्त है। ऊंचाई की वजह से यहां ग्रीनलैंड जैसी ठंड पड़ती है और औसत तापमान माइनस में चला जाता है। शहर की आबादी लगभग 60,000 है। काफी तेजी से लोग यहां आकर बस रहे हैं। बहुत सारे पर्यटक यहां घूमने के लिए आते हैं। एंडीज पहाड़ों पर बसे ला रिनकोनाडा शहर के नीचे सोने की कई खदानें हैं। कानूनी तौर पर यहां खनन का इजाजत नहीं है, फिर भी कई कंपनियां गैरकानूनी तरीके से यहां सोने के खनन का काम करती हैं। यहां की अर्थव्यवस्था इन्हीं कंपनियों में काम कर रहे मजदूरों पर निर्भर है। मर्द सोने की खदानों में काम करते हैं और महिलाएं इधर-उधर छितरे चट्टानों के टुकड़ों के बीच सोने के कण खोजती हैं। कर्मचारी 30 दिनों तक बिना भुगतान के काम करते हैं और 31वें दिन खदान से उतना अयस्क लेने की अनुमति होती है। खनिज उस अयस्क से जितनी धातु निकाल लें, वह उनका। ज्यादातर खनिकों के पास कोई संसाधन नहीं, इसलिए उनकी मेहनत औनेपौने दाम पर बिक जाती है। इस शहर में न कोई टैक्स लेता है और न ही कोई प्रशासन है। इसी वजह से किसी तरह की सुविधा भी नहीं। सड़कें और ड्रैनेज सिस्टम तक नहीं है। इस शहर में ऑक्सीजन का स्तर काफी कम है। सामान्य इलाकों से तुलना की जाए तो सिर्फ 50 फीसदी ऑक्सीजन ही यहां उपलब्ध है। यहां के लोग तो अभ्यस्त हो चुके हैं, लेकिन बाहर से कोई जाए तो जीना आसान नहीं होगा।

अजब-गजब

## इसे माना जाता है दुनिया का सबसे सुरक्षित देश

# इस अमीर देश में इतनी शांति है कि पुलिस नहीं रखती अपने पास बंदूक

इस दुनिया में अपराध का स्तर इतना ज्यादा है कि इंसान चाहे किसी भी देश में चला जाए वो सुरक्षित नहीं है। हालांकि, कुछ देश ऐसे भी हैं, जो लोगों के लिए बेहद सुरक्षित हैं। इन देशों में जाकर आपको अपनी जान का खतरा कभी नहीं महसूस होगा, बल्कि परिवार के साथ यहां पर लोग सुख-शांति से जीवन बिता सकते हैं। हम बात कर रहे हैं आइसलैंड देश की जो एक नॉर्डिक देश है और यूरोप का हिस्सा माना जाता है।



आज हम बात करने वाले हैं आइसलैंड के बारे में। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कोरा पर किसी ने सवाल किया कि दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह कौन सी है जहां जुर्म का स्तर सबसे कम है? कुछ लोगों ने इसके बारे में उत्तर दिया है। कई लोगों ने आइसलैंड का ही नाम लिया है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू और बिजनेस इंसाइडर वेबसाइट के अनुसार आइसलैंड को दुनिया का सबसे सुरक्षित देश माना जाता है। ग्लोबल पीस इंडेक्स ने भी इस देश को नंबर 1 का दर्जा दिया है। नेशनल जियोग्राफिक के अनुसार इस देश का 11 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है। अगर ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ती रही तो ये देश जल्द ही डूब जाएगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि आइसलैंड की पब्लिक यूनिवर्सिटी ट्यूशन फीस नहीं चार्ज करतीं, सिर्फ एप्लिकेशन और रेजिस्ट्रेशन फीस ही छात्रों से लेती है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि यहां पर शिक्षा मुफ्त में है। अब आप समझ ही सकते हैं कि जहां शिक्षा ऐसी है, तो ये देश गरीब तो नहीं हो सकता! जुर्म की बात करें तो यहां इतनी शांति है कि पुलिस को भी बल का प्रयोग नहीं करना पड़ता। यही कारण है कि पुलिसकर्मियों तक के पास बंदूक नहीं होती है, वो सिर्फ पेपर स्प्रे और डंडों के इस्तेमाल पर ही यकीन रखते हैं। इस देश में समलैंगिक विवाह की इजाजत है, और पुरुष और महिलाओं को एक बराबर वेतन देने का प्रावधान है. आबादी भी काफी कम है और 55,890 पीपीपी डॉलर्स का पर कैपिटा इंकम है. इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ये एक अमीर देश है.

# सेल्फी प्वांइट तो बन गए पर शहरों की हालत बदतर : राय

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ,। यात्रा में उपस्थित उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की ''यूपी जोड़ो यात्रा'' आज सतरहवें दिन राजधानी के बीकेटी से शुरू होकर मड़ियांव तक आई जहां यात्रा का रास्तों में भव्य स्वागत हुआ तदपश्चात यात्रा पदयात्रा में तब्दील हो गई।

कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा की शुरुआत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सरकारी एजेंसियों का जिस तरह से दुरुपयोग मोदी सरकार कर रही है वह निहायती निन्दनीय एवं शर्मनाक भी है। चेन्नई के दो किसान भाइयों को ईडी का समन मिलना यह बताता है कि अब जहां विपक्ष की सरकारें हैं मोदी सरकार अब उन पर दबाव डालने के लिए किसी भी सीमा तक जायेगी। उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हुए श्री राय ने कहा कि हर शहर में सिर्फ सेल्फी प्वांइट बना दिये गये मगर शहरों के हालात जरा भी नहीं बदले हैं। बजबजाती नालियां, टूटी सड़कें, और जगह जगह कूड़े का ढेर इस डबल इंजन की सरकार की स्मार्ट सिटी के जुमले की पोल खोल रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने बताया कि मणियांव से पदायात्रा ताड़ीखाना पहुंची जहां कांग्रेसजनों द्वारा यात्रा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। तदपश्चात यात्रा हाथी मंदिर मोड़ होते हुए त्रिवेणी नगर रोड से बढ़ते हुए शिया पीजी कॉलेज पहुंची जहां गेट पर कॉलेज के शिक्षकों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। तदोपरान्त पक्का पुल होते हुए यात्रा टीले वाली मस्जिद पहुंची जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी ने मस्जिद की जियारत की साथ ही मस्जिद के सामने ही दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर भी शीष नवाया और यात्रा बड़ा इमामबाड़ा की ओर बढ़ चली।


यूपी जोड़ो यात्रा में जुटी अपार भीड़

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए पांच स्क्रीनिंग कमेटी की गठित

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन के लिए पांच स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने हैं, पार्टी ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पांच समूहों में विभाजित किया है, पार्टी के एक बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। पहले समूह में तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप और पुडुचेरी है। हरीश चौधरी को इस स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है,वहीं जिग्नेश मेवाणी और विश्वजीत कदम को इसमें सदस्य नियुक्त किया गया है। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए मधुसूदन मिस्त्री को समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है। सूरज हेगड़े और शफ़ी परम्बिल इसके सदस्य हैं। गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली, दमन और दीव और दादरा एवं नगर हवेली के लिए रजनी पाटिल को स्कीनिंग कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कृष्णा अल्लावुरु और परगट सिंह इसके सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू- कश्मीर और लद्दाख वाले समूह के लिए भक्त चरण दास को स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसमें नीरज डांगी और यशोमति ठाकुर को सदस्य नियुक्त किया गया है। पंजाब से पार्टी नेता राणा केपी सिंह को बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्कि म वाले समूह के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जयवर्धन सिंह और इवान डिसूजा को इसमें सदस्य नियुक्त किया गया है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी : कमलनाथ



भोपाल। पूर्व सीएम कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह से मध्य प्रदेश की जनता ने भारत जोड़ो यात्रा को अभूतपूर्व समर्थन दिया था, उससे बढ़कर समर्थन भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिलेगा। कमलनाथ ने आगे लिखा कि मध्य प्रदेश में यह यात्रा 7 दिन के सफर में 9 जिले और 698 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और मध्य प्रदेश और देश की जनता के ह्रदय में आशा का नया संचार करेगी। बता दें मणिपुर से शुरू होकर मुंबई तक जाने वाले न्याय यात्रा उत्तरप्रदेश से मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। यह यात्रा ग्वालियर-चंबल और मालवा संभाग के ग्वालियर, गुना, उज्जैन से होते हुए राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी। प्रदेश में यात्रा सात दिनों में नौ जिलों से होकर गुजरेगी।

# अरब सागर में हाईजैक हुए मालवाहक जहाज से 21 लोगों को बचाया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

» नौसेना के मार्कोज कमांडो की टीम ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने बहादुरी की एक ओर मिशाल पेश की है। उसने उत्तरी अरब सागर में हाईजैक हुए मालवाहक जहाज एमवी लीला नॉरफॉक में समुद्री लुटेरों के चंगुल में फंसे सभी 21 लोगों को बचा लिया। इन लोगों में 15 भारतीय भी शामिल हैं। जहाज पर सवार लोगों को सुरक्षित निकाले जाने के बाद मरीन कमांडोज जांच पड़ताल कर रहे हैं। इस पूरी घटना का नौसेना ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा किए हैं।

वीडियो में कमांडो जहाज पर जाते और ऑपरेशन को अंजाम देते हुए दिखाई दे रहे हैं। नौसेना के मार्कोस कमांडो ने बताया कि सूचना मिली थी कि जहाज पर हथियार से लैस पांच से छह लोग सवार हैं, जिनके बारे में कुछ जानकारी नहीं है। इस पर जहाज का पता लगाने के लिए तुरंत एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान पी-8 आई और लंबी दूरी के प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन को तैनात किया गया। आईएनएस चेन्नई ने शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 3:15 बजे अरब सागर में सोमालिया के तट के पास अगवा पोत को घेर लिया था।

**लुटेरों को दी चेतावनी**

कमांडो ने बताया कि जवानों ने जहाज को चारों ओर से घेर समुद्री लुटेरों को जहाज को छोड़ने की चेतावनी दी। उसके बाद भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो अगवा पोत पर उतरे और ऊपरी डेक, मशीनरी डिब्बों और रहने की जगहों पर तलाशी ली तो कोई लुटेरा वहां मौजूद नहीं था। ऐसे में लग रहा कि जब उन्होंने बड़ी संख्या में जवानों को देखा तो वो डर की वजह से रात के अंधेरे में वहां से भाग निकले। फिलहाल, भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई कार्गो शिप एमवी लीला नॉरफॉक के पास मौजूद है। जहाज में बिजली उत्पादन और नेविगेशन सिस्टम को बहाल करके उसे अगले बंदरगाह तक यात्रा शुरू करने में मदद की जा रही है।

# अयोध्या सभी की, आमंत्रण देने वाले मुर्ख : कौशलेंद्र

बोले- पिता का श्राद्ध थोड़े ही है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए दिए जा रहे निमंत्रण पर कटाक्ष किया। प्राणप्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण के बारे में बोलते हुए, जदयू सांसद ने निमंत्रण भेजने की आवश्यकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस आमंत्रण की क्या आवश्यकता है? क्या यह किसी के पिता का श्राद्ध है या किसी के बेटे की शादी? कौशलेंद्र कुमार ने आगे कहा कि जो आमंत्रित कर रहा है वह मूर्ख है।

नीतीश कुमार की पार्टी के सांसद ने कहा कि अयोध्या सभी की है, अगर कोई इस पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है तो ऐसा नहीं होगा। ऐसे लोग 22 जनवरी को वहां पहुंच रहे हैं, जहां दोनों पति–पत्नी भगवान राम और देवी सीता से आशीर्वाद लेंगे। अगर कोई सीता के बिना वहां जाएगा तो उन्हें भी 2024 में कोई फायदा नहीं होगा।

## मूर्ख सदैव मूर्ख की तरह ही बोलेगा : सत्येंद्र दास

कौशलेंद्र कुमार की टिप्पणी के बारे में बोलते हुए, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि वह खुद एक मूर्ख हैं। उन्होंने आगे कहा कि छोटे से छोटे काम के लिए भी निमंत्रण भेजा जाता है। सत्येन्द्र दास ने कहा कि मूर्ख सदैव मूर्ख की तरह ही बोलेगा। वह स्वयं मूर्ख है, निमंत्रण सम्मान पत्र हैं कि किसी को भगवान राम के आसपास किए जा रहे भव्य कार्यों में आमंत्रित किया जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई नेता जी को देश का बेटा घोषित करने की मांग वाली याचिका

» कहा-सुभाष चंद्र बोस की महानता दर्शाने के लिए कोर्ट के आदेश की जरूरत नहीं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को देश का बेटा घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस अमर हैं और उनकी महानता दर्शाने के लिए कोर्ट के आदेश की जरूरत नहीं है।



याचिका में कांग्रेस पर आरोप लगाया गया कि कांग्रेस ने देश की आजादी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के योगदान को कम करके आंका था। साथ ही उनके गायब होने/मृत्यु को लेकर सच्चाई भी छिपाई थी। दरअसल कटक के निवासी पिनाक पानी मोहंती ने सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका में मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट इस बात की घोषणा करे कि ब्रिटिश शासन से आजादी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नेतृत्व वाली आजाद हिंद फौज ने दिलाई। साथ ही याचिका में कांग्रेस पर आरोप लगाया गया कि नेताजी के देश की आजादी में योगदान को कमतर किया गया। साथ ही कांग्रेस ने नेताजी के गायब/मृत्यु से संबंधित फाइलों को गोपनीय रखा और सच्चाई नहीं बताई। याचिका में ये भी मांग की गई कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जन्मदिन 23 जनवर को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया जाए और नेताजी को देश का बेटा भी घोषित किया जाए।

# दो दिन में रैंकिंग में दूसरी बार लुढ़का भारत

» ऑस्ट्रेलिया ने छीना नंबर-1 का ताज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में आठ विकेट से जीत हासिल की। उसने सिडनी में खेले गए मैच को जीतकर सीरीज में पाकिस्तानी टीम का 3-0 से सफाया कर दिया। इसका फायदा कंगारू टीम को विश्वटेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के अंक तालिका में भी मिला।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले स्थान पर पहुंच गई है। उसने भारत को दूसरे पायदान पर धकेल दिया है। दो दिन में यह दूसरा अवसर है जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत से नंबर-1 का ताज छीना है। इससे पहले शुक्रवार (पांच जनवरी) को उसने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारत को पीछे करते हुए पहला स्थान हासिल किया था। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रतिशत अंकों में ज्यादा अंतर नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के खाते में 56.25 प्रतिशत अंक हैं। वहीं, भारत के पास 54.16 प्रतिशत अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद पाकिस्तान को अंक तालिका में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। शान मसूद की कप्तानी वाली टीम छठे स्थान पर है। उसके प्रतिशत अंक में गिरावट आई है। पाकिस्तान का प्रतिशत अंक पहले 45.83 था। अब यह घटकर 36.66 हो गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्वटेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेल चुकी है। टीम इंडिया ने दोनों फाइनल खेले हैं। हालांकि, उसे जीत नहीं मिली है। एक बार न्यूजीलैंड और एक बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, पाकिस्तानी टीम अब तक एक बार भी फाइनल में नहीं पहुंची है। भारतीय टीम को 25 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। टीम इंडिया के पास ऑस्ट्रेलिया से बदला लेने का मौका होगा। वह आईसीसी रैंकिंग के साथ-साथ विश्वटेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भी कंगारू टीम को पीछे छोड़ सकती है।






# ईडी की टीम पर हमले के बाद टीएमसी नेता गिरफ्तार

## बंगाल के राशन घोटाले के आरोपी हैं शंकर आध्या

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**कोलकता। कथित राशन वितरण घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एक अन्य टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी करने जा रही ईडी की टीम पर हमले के एक दिन बाद हुई। कथित राशन वितरण घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या को गिरफ्तार कर लिया है।**

यह गिरफ्तारी एक अन्य टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी करने जा रही ईडी की टीम पर हमले के एक दिन बाद हुई। बनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में उनसे जुड़े परिसरों पर ईडी द्वारा व्यापक तलाशी के बाद गिरफ्तार किया गया था। उनकी पत्नी ज्योत्सना आध्या ने दावा किया कि जांच के दौरान जांच एजेंसी के



अधिकारियों के साथ सहयोग करने के बावजूद उनके पति को गिरफ्तार कर लिया गया। जब शंकर आध्या को केंद्रीय बल ले जा रहे थे, तो स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ईडी कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में शंकर आध्या और एक अन्य टीएमसी नेता सहजान शेख के परिसरों पर छापेमारी कर रही थी। जांच

### ईडी का आरोप- तृणमूल नेता के उकसावे पर हुआ हमला

उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हुए हमले का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने पहुंची ईडी की टीम पर उसके समर्थकों द्वारा हमला किए जाने के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि टीएमसी नेता के उकसावे पर हत्या करने के उद्देश्य से अधिकारियों पर हमला किया गया। ईडी ने डीजीपी और एसपी को हमले के फुटेज के साथ ईमेल से शिकायत की है। पुलिस ने संदेशखाली हमले के मामले में तीन एफआइआर दर्ज की है। पुलिस ने इस घटना में अब तक 16 लोगों की गिरफ्तार किया है।

एजेंसी के अनुसार, पश्चिम बंगाल में लाभार्थियों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का लगभग 30 प्रतिशत राशन खुले बाजार में भेज दिया गया था।

# आज सूरज को सलाम करेगा आदित्य एल-1




4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**बेंगलुरू। आज शाम चार बजे आदित्य एल 1 एक बार फिर भारत को गर्व का एहसास कराएगा। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान आज दोपहर अपनी अंतिम कक्षा में प्रवेश करेगा, जो उसका वांछित गंतव्य है, जहां से वह अगले पांच वर्षों तक सूर्य का अवलोकन करेगा। चांद फतह के बाद आज भारत का परचम सूरज पर फहरने वाला है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन यानी इसरो का सूर्य मिशन आदित्य एल 1 अपने फाइनल प्वाइंट में एंट्री लेने वाला है।**

2 सितंबर को आदित्य एल 1 की शुरू हुई यात्रा 126 दिनों बाद 30 लाख किलोमीटर का सफर तय कर एलओ ऑर्बिट में पहुंचने वाला है। जिसके बाद भारत के पहले सोलर ऑर्बिट्री की धरती से दूरी 15 लाख किलोमीटर होगी। आज शाम चार बजे आदित्य एल-1 एक बार फिर भारत को गर्व का एहसास कराएगा। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान आज दोपहर अपनी अंतिम कक्षा में प्रवेश करेगा, जो उसका वांछित गंतव्य है, जहां से वह अगले पांच वर्षों तक सूर्य का अवलोकन करेगा। अंतरिक्ष यान को एल-1 (लैग्रेंज 1) बिंदु के चारों ओर एक कक्षा में जाना है, जो पृथ्वी-सूर्य प्रणाली के पांच स्थानों में से एक है जहां दोनों के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव एक दूसरे को लगभग रद्द कर देते हैं। यह किसी अंतरिक्ष यान को खड़ा करने और सूर्य का अवलोकन करने के लिए अपेक्षाकृत स्थिर बिंदु है। हालाँकि,एल-1 के चारों ओर कक्षा में प्रवेश करना किसी अन्य ग्रह पिंड के चारों ओर कक्षा प्राप्त करने के समान नहीं है। इसे इस मिशन में सबसे महत्वपूर्ण चुनौती माना जा रहा है। इसरो के एक वैज्ञानिक ने कहा, अंतरिक्ष यान अपने शेष मिशन जीवन को पृथ्वी और सूर्य को जोड़ने वाली रेखा के लगभग लंबवत विमान में अनियमित आकार की कक्षा में रु की परिक्रमा करते हुए बिताएगा।

### हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा : सोमनाथ

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य एल 1 अपने आखिरी पड़ाव में पहले ही पहुंच चुका है। ये बेहद ही महत्वपूर्ण है। आदित्य अपनी मंजिल पर आज शाम पहुंच जाएगा। थ्रस्टर्स की मदद से आदित्य एल 1 को हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा ताकी अलग-अलग कोण से सूर्य को देखा जा सके।



एल 1 बिंदु पर रहने से ये पृथ्वी के लगातार संपर्क में रहेगा। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक और चंद्रयान 1 मिशन के परियोजना निदेशक डॉ एम अन्नादुरई ने कहा कि सबसे पहले, एल1 के चारों ओर कक्षा हासिल करना अपने आप में एक चुनौती है और फिर कक्षा को बनाए रखना भी एक और काम है। यह अन्य ग्रह पिंडों के चारों ओर की कक्षा की तरह नहीं है। कक्षा के तीन आयाम होते हैं जबकि किसी ग्रह के चारों ओर की अन्य कक्षाएँ दो आयामी होती हैं। सूर्य और पृथ्वी दोनों का गुरुत्वाकर्षण प्रभाव एक भूमिका निभाता है और इसमें लगातार खिंचाव रहता है।

# यूपी में अभी और कंपाएगी ठंड बारिश व कोहरा भी नहीं थमेगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। यूपी को घने कोहरे से अभी निजात नहीं मिलेगी। मौसम विभाग ने आज और कल घने कोहरे का अनुमान जताया है। वहीं प्रदेश में रात का तापमान 11, तो दिन का 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। आठ जनवरी को मौसम कुछ खुल सकता है, जबकि नौ को फिर बारिश के आसार बन रहे हैं। इसके बाद मौसम तो खुलेगा, लेकिन ठंड से राहत मिलने के आसार कम ही हैं।**

वहीं 8-11 जनवरी तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। लखनऊ, आगरा, अंबेडकरनगर, अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फरुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर, कासगंज, कौशांबी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, संत कबीरनगर, संत रविदास नगर, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, शामली, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी में घने कोहरे की चेतावनी दी हे।

### पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हो रही बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य इलाकों में बरसात हुई है। वहीं मौसम विशेषज्ञ एचआर रंजन के मुताबिक, नौ-दस जनवरी के आसपास कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

# क्रिकेटर अंबाती रायडू ने छोड़ी राजनीति

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**हैदराबाद। अंबाती रायडू ने चौंकाने वाला फैसला करते हुए राजनीति छोड़ दी है। उन्होंने खुद राजनीति छोड़ने के फैसले के बारे में बताया। रायडू ने युवाजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) पार्टी से इस्तीफा दे दिया। रायडू ने 9 दिन पहले यानी 28 दिसंबर को ही पार्टी ज्वाइन की थी।**

हालांकि उन्होंने हमेशा के लिए पॉलिटिक्स नहीं छोड़ी है, बल्कि वो कुछ वक्त के लिए ही राजनीति से ही दूर हुए हैं। रायडू ने ट्वीट कर लिखा, कि ये सभी को सूचित करने के लिए है कि मैंने वाईएसआरसीपी पार्टी छोड़ने और कुछ वक्त के लिए राजनीति से दूर रहने का फैसला किया है, आगे की कार्रवाई के बारे में सही वक्त आने पर बताया जाएगा।

# जैसलमेर : पिकअप वैन से टकराई कार, चार की मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**जयपुर। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि हादसे में राहगीर मेनकला (34) और उनके बेटे मनीष (13) और कार सवार रोशन खान व भवानी सिंह की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं। राजस्थान के जैसलमेर में एक तेज रफ्तार कार दो राहगीरों को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड़ी एक वैन से जा टकराई। इस सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।**

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कार चालक समेत गाड़ी में कुल चार लोग सवार थे। दुर्घटना से थोड़ी देर पहले ही कार में सवार युवकों में से एक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वाहन में शराब पीते हुए एक वीडियो अपलोड किया था। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना शुक्रवार की देर रात उस समय की है, जब कार जैसलमेर के आकल गांव से बाड़मेर की ओर जा रही थी। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि हादसे में राहगीर मेनकला (34) और उनके बेटे मनीष



(13) और कार सवार रोशन खान व भवानी सिंह की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं। अधिकारी ने बताया, हादसे के समय कार चालक शराब के नशे में बताया जा रहा है। उसका अस्पताल में इलाज उपचार किया जा रहा है और आज उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना से कुछ समय पहले, रोशन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह और उसके दोस्त कार में शराब पी रहे थे।

### दो कारों को ट्रक ने मारी टक्कर, चार ने गंवाई जान

» बेंगलुरु-पुणे हाइवे पर भीषण हादसा

हुबली। कर्नाटक के हुबली में शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी दो कारों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हादसा बेंगलुरु-पुणे राजमार्ग पर बेलिगट्टी चौराहे पर हुआ। मृतकों में से तीन हासन जिले से और एक व्यक्ति बेंगलुरु का निवासी था। उन्होंने बताया कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त कारों से घायल लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने कहा कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।